Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)

## अक्तूबर भाग-1
## 2023



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

**1. कारमन रेखा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कारमन रेखा समुद्र तल से 100 किमी ऊपर स्थित एक काल्पनिक सीमा है जो पृथ्वी के वायुमंडल को अंतरिक्ष से अलग करती है।
2. कारमन रेखा का निर्धारण 1960 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**2. ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा जारी किया जाता है।
2. वर्ष 2023 में 132 अर्थव्यवस्थाओं में से भारत की रैंक 40 वीं थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**3. कॉलेजियम प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम का नेतृत्व CJI (भारत के मुख्य न्यायाधीश) करते हैं और इसमें सर्वोच्च न्यायलय के दो अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।
2. एक उच्च न्यायालय कॉलेजियम का नेतृत्व मौजूदा मुख्य न्यायाधीश और उस न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **राज्य** | **जनजातियाँ** |
|---|---|
| 1. अरुणाचल प्रदेश | मिस्मी |
| 2. असम | खासी |
| 3. नगालैंड | ज़ेलियांग |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

5. **पिंक बॉलवॉर्म के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. PBW एक विनाशकारी कीट है जो मुख्य रूप से गेहूँ की फसल को प्रभावित करता है।
   2. यह अफ्रीका का मूल प्रजाति है।
   3. आनुवंशिक रूप से संशोधित BT कपास के बीज, जो शुरू में कुछ कीटों के खिलाफ प्रभावी थे, कीट के प्रतिरोध के कारण PBW से निपटने में अपनी प्रभावकारिता खो चुके हैं।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई भी नहीं

6. **केवल 1,600 लोगों द्वारा बोली जाने वाली टोटो भाषा विलुप्त होने के कगार पर है। टोटो भाषा मुख्यत: कहाँ बोली जाती है?**

   A. भूटान
   B. असम
   C. पश्चिम बंगाल
   D. सिक्किम

7. **नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व के अंतर्गत कौन-से संरक्षित क्षेत्र मौजूद हैं?**
   1. मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य
   2. वायनाड वन्यजीव अभयारण्य
   3. बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान
   4. नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान
   5. मौन घाटी

   **निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

   A. केवल 1, 2 और 5
   B. केवल 1, 2, 3 और 5
   C. केवल 2, 3 और 4
   D. 1, 2, 3, 4 और 5

8. **प्रोजेक्ट उद्भव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. प्रोजेक्ट उद्भव भारतीय सेना द्वारा राज्य कला की गहन भारतीय विरासत को फिर से खोजने की एक पहल है।
   2. यह परियोजना भारतीय सेना द्वारा यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (USI) के साथ साझेदारी में स्थापित की गई है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

9. **भारत में जाति जनगणना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. भारत में जनगणना की शुरुआत वर्ष 1881 की औपनिवेशिक प्रक्रिया से हुई थी।
   2. सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC) पहली बार वर्ष 1931 में आयोजित की गई थी।
   3. जातिगत जनगणना OBC, SC और ST के उपवर्गीकरण के लिये गठित न्यायमूर्ति रोहिणी आयोग की पृष्ठभूमि में होती है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. केवल 3

**10. तस्करी और जालसाज़ी गतिविधियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व के गोल्डन क्रिसेंट क्षेत्र में शामिल देश हैं - अफगानिस्तान, पाकिस्तान और इराक।
2. विश्व के गोल्डन ट्रायंगल भाग में शामिल देश हैं; म्याँमार, लाओस, थाईलैंड।
3. फिक्की कैस्केड भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI) की एक पहल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**11. निम्नलिखित में से किसे कछुओं की विशेषताओं के रूप में वर्णित किया जा सकता है:**

1. ऊँचे गुम्बदाकार, गोलाकार, भारी कवच वाले
2. जल में जीवन के लिये अनुकूलित
3. मुख्यत: सर्वाहारी
4. मोटी,स्तंभाकर टाँगें, पंजे जैसी उंगलियाँ

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 4

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

**12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मनुष्यों में मलेरिया का कारण बनने वाली 5 प्लाज़्मोडियम परजीवी प्रजातियों में से पी. विवैक्स (P. vivax) प्रमुख मलेरिया परजीवी है जो एशिया में इस बीमारी के लिये ज़िम्मेदार है।
2. अकेले अफ्रीका के साहेल क्षेत्र के देशों में विश्व में मलेरिया से होने वाली आधी से अधिक मृत्यु होती हैं।
3. भारत में इसके कम प्रसार के कारण, इसकी कोई रूपरेखा नहीं है जो पूरी तरह से मलेरिया के उन्मूलन के लिये समर्पित हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**13. मीथेन उत्सर्जन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वायुमंडल में अपने अस्तित्त्व के प्रारंभिक 20 वर्षों में मीथेन का वार्मिंग प्रभाव कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 80 गुना अधिक है।
2. मीथेन ट्रोपोस्फेरिक ओज़ोन के उत्पादन को रोकता है।
3. मवेशियों के चारे में सुधार से मवेशियों द्वारा मीथेन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिल सकती है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**14. दक्षिण-चीन सागर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दक्षिण-चीन सागर की सीमा पश्चिम में चीन और ताइवान से लगती है।
2. भारत-चीन प्रायद्वीप (वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया और सिंगापुर सहित) उत्तर में दक्षिण-चीन सागर से घिरा है।
3. दक्षिण चीन सागर में प्रमुख द्वीप और चट्टान संरचनाएँ स्प्रैटली द्वीप समूह तथा पारासेल द्वीप समूह ही हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**15. पार्कर सोलर प्रोब के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पार्कर सोलर प्रोब को यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) द्वारा लॉन्च किया जाना है।
2. प्रोब किसी भी अन्य मानव-विक्षिप्त वस्तु की तुलना में सूर्य के कोरोना का करीब से अध्ययन करने के लिये उड़ान भरने के लिये तैयार है।
3. कोरोना पृथ्वी से देखा जाने वाला सूर्य का एक क्षेत्र है जब चंद्रमा पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान सूर्य के प्रदीप्त भाग को अवरुद्ध कर देता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेटेंट किसी आविष्कार के लिये एक सीमित अवधि के लिये दिया गया एक गैर-वैधानिक अधिकार है।
2. यदि पेटेंट संरक्षण भारत के भीतर प्रदान किया गया है तो यह केवल भारत के क्षेत्र के भीतर ही प्रभावी होता है।
3. पेटेंट योग्य होने के लिये, किसी आविष्कार का औद्योगिक अनुप्रयोग में सक्षम होना आवश्यक नहीं है, बल्कि वह नवीन होना चाहिये।
4. अनुदान-पश्चात विरोध के तहत पहले से ही जारी किये गए पेटेंट के प्रकाशन पर एक लिखित विरोध दर्ज किया जा सकता है, लेकिन इसे भारतीय पेटेंट जर्नल में पेटेंट के प्रकाशन के 12 महीने के भीतर नियंत्रक को सौंप दिया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**17. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( NCRB ) के अनुसार निम्नलिखित में से किसे कारागार में अप्राकृतिक मृत्यु के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा ?**

1. हृदय रोग के कारण मृत्यु
2. एच.आई.वी. बीमारी से मृत्यु
3. भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से मृत्यु

**नोट :**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. 1, 2 और 3
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा प्लैटीपस के संबंध में सही नहीं है?**

A. प्लैटिपस ऑस्ट्रेलिया में पाए जाने वाले विशिष्ट जीव हैं और तैरने के लिये इनके पास जालीयुक्त पाद होते हैं।
B. प्लैटिपस मुख्य रूप से रात्रिकाल में जलीय अकशेरुकी जीवों का भक्षण करते हैं।
C. IUCN की रेड लिस्ट में प्लैटिपस को संकटापन्न के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
D. प्लैटिपस समुद्री जल प्रणालियों में निवास करते हैं।

**19. भारत में लघु चित्रकला के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऐसा माना जाता है कि प्रतिहार भारत में लघु चित्रकला के क्षेत्र में अग्रणी थे।
2. चित्रकलाएँ अक्सर किताबों अथवा एल्बमों के लिये कागज, ताड़ के पत्तों और कपड़े सहित खराब होने वाली सामग्री पर चित्रित की जाती थी।
3. पाल लघु चित्रकला शाखा की विषयवस्तु अक्सर बौद्ध तांत्रिक अनुष्ठानों से संबंधित थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**20. राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (NCLAT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NCLAT का गठन कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत किया गया था।
2. NCLAT के किसी भी आदेश से असंतोष की स्थिति में कोई भी व्यक्ति सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**21. हाल ही में, जॉन फॉसे ने निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीता?**

A. साहित्य
B. रसायन विज्ञान
C. भौतिक विज्ञान
D. फिजियोलॉजी अथवा मेडिसिन

**22. 'आँत माइक्रोबायोम' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आँत माइक्रोबायोम मुख्य रूप से पेट में जटिल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर को तोड़ने में सहायता करता है।
2. यह मस्तिष्क के कार्य, व्यवहार और चिंता, अवसाद और तनाव जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को भी प्रभावित कर सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**नोट :**

**23. उचित मूल्य की दुकान ( FPS ) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FPS भारत में सरकार द्वारा संचालित एक विनियमित रिटेल आउटलेट या स्टोर है।
2. लाभार्थियों को सही मात्रा में राशन मिले यह सुनिश्चित करने के लिये e-PoS उपकरणों को इलेक्ट्रॉनिक वज़न मशीनों के साथ एकीकृत किया गया है।
3. इन दुकानों का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित एवं पिछड़े वर्गों पर आर्थिक बोझ को कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. संविधान नफरत फैलाने वाले भाषण को मुख्य रूप से व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत भड़काने के रूप में परिभाषित करता है।
2. IPC की धारा 295A उन दंडात्मक कृत्यों से संबंधित है जो जानबूझकर अथवा दुर्भावनापूर्ण इरादे से व्यक्तियों के एक वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) की स्थापना भारत में डोप मुक्त खेलों के लिये सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में की गई थी।
2. NADA का प्राथमिक उद्देश्य WADA (विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी) कोड के अनुसार डोपिंग रोधी नियमों को लागू करना है।
3. WADA को खेल में डोपिंग के विरुद्ध यूनेस्को अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन द्वारा मान्यता प्राप्त है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**26. चाबहार बंदरगाह की भौगोलिक स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह इराक का एकमात्र समुद्री पत्तन है।
2. यह सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में मकरान तट पर स्थित है।
3. चाबहार में दो मुख्य बंदरगाह हैं, शाहीद कलंतरी बंदरगाह और शाहिद बेहेश्टी बंदरगाह।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विलफुल डिफॉल्टर एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है जिसमें एक उधारकर्त्ता, उधार चुकाने की क्षमता के बावजूद जानबूझकर ऋण नहीं चुकाता है जिसकी बकाया राशि 25 लाख रुपए या उससे अधिक है।
2. बड़े डिफॉल्टर्स से तात्पर्य 1 करोड़ रुपए या उससे अधिक की बकाया धनराशि वाले उधारकर्त्ताओं से है, जिसके खाते को संदिग्ध या हानि के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**28. दांदेली वन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दांदेली वन पूर्वी घाट में स्थित है।
2. काली टाइगर रिज़र्व दांदेली वन से सटा एक संरक्षित क्षेत्र है।
3. आक्रामक यूपेटोरियम खरपतवार वनों में देशी घासों की जगह ले रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**29. भारत-मालदीव संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये ?**

1. ऑपरेशन नीर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने तख्तापलट की कोशिश को नाकाम करने में मालदीव सरकार की मदद की है।
2. ऑपरेशन कैक्टस के तहत भारत ने पेयजल संकट से निपटने के लिये मालदीव को पेयजल आपूर्ति की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न ही 1 न ही 2

**30. चक्रवातों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अरब सागर में चक्रवातों की तीव्रता एवं आवृत्ति बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवातों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक होती है।
2. बंगाल की खाड़ी में आमतौर पर समुद्र की सतह का तापमान अधिक होता है, जो चक्रवात के निर्माण और तीव्रता के लिये आवश्यक ऊर्जा और नमी प्रदान करता है।
3. बंगाल की खाड़ी में हवाओं का अभिसरण, कोरिओलिस बल (पृथ्वी के घूर्णन के परिणामस्वरूप) के साथ जुड़कर चक्रवात की उत्पत्ति के लिये उपयुक्त वातावरण बनाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**31. श्री रामलिंगा स्वामी, जिन्हें वल्लालर के नाम से भी जाना जाता है, के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह जाति व्यवस्था के प्रबल विरोधी थे और उन्होंने 'समरसा वेद सन्मार्ग संगम' की स्थापना की।
2. वल्लालर का मानना था कि मानव बुद्धि सटीक और अंतिम है।
3. उन्होंने इस विचार को बढ़ावा दिया कि भोजन के लिये जानवरों को मारना स्वीकार्य है।
4. वल्लालर का मानना था कि अनुग्रह के रूप में ईश्वर दया और ज्ञान का अवतार है एवं दया ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**32. गंगा नदी डॉल्फिन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये अल्ट्रासोनिक ध्वनियाँ उत्सर्जित कर मछली एवं अन्य शिकार को उछालती हैं, जिससे उन्हें अपने दिमाग में एक छवि "देखने" में मदद मिलती है और इस प्रकार अपना शिकार करती हैं।
2. ये केवल मीठे जल स्रोतों में ही रह सकती है और मूलत: दृष्टिहीन होती है।
3. यह भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव और असम का राज्य जलीय जीव है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**33. छत्रपति शिवाजी महाराज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने छत्रपति, शाककार्ता, क्षत्रिय कुलवंत तथा हैंदव धर्मोधारक की उपाधियाँ धारण की।
2. उन्होंने रैयतवाड़ी व्यवस्था को समाप्त कर दिया और उसके स्थान पर जागीरदारी व्यवस्था को लागू किया।
3. शिवाजी ने एक अनुशासित और कुशल सेना का गठन किया। सामान्य सैनिकों को नकद में भुगतान किया जाता था, लेकिन प्रमुख एवं सैन्य कमांडर को जागीर अनुदान (सरंजाम) के माध्यम से भुगतान किया जाता था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**34. एशिया में तिब्बती पठार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तिब्बत पृथ्वी पर सबसे ऊँचा क्षेत्र है, जिसकी औसत ऊँचाई 6,900 मीटर है।
2. तिब्बत क्षेत्र में सबसे अधिक ऊँचाई माउंट K2 की है।
3. वर्ष 2023 में तिब्बती नेताओं ने चीन द्वारा निर्धारित एक संधि पर हस्ताक्षर किये जिसे "सत्रह सूत्री समझौता" के नाम से जाना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन

**नोट :**

D. इनमें से कोई भी नहीं

**35. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. यूनाइटेड किंगडम
2. भारत
3. तुर्की
4. स्वीडन

**उपर्युक्त में से कितनों ने सफल गर्भाशय प्रत्यारोपण किया है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. उपरोक्त सभी

**36. टेली मानस सेवा (Tele MANAS Seva) के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सी सेवाएँ प्रदान की जाती हैं?**

A. मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाएँ

B. दूरसंचार प्रौद्योगिकी में सुधार संबंधी सेवाएँ

C. मानस राष्ट्रीय उद्यान में बाघों की निगरानी संबंधी सेवाएँ

D. रिसीवर्स के माध्यम से उपग्रह डेटा का प्रसारण करने संबंधी सेवाएँ

**37. उभयचरों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये बहुकोशिकीय कशेरुक हैं जो स्थल और जल दोनों पर निवास करते हैं।
2. ये भूमि पर विचरण करने वाले पहले समतापी जीव हैं।
3. समतापी जीव होने के कारण पर्यावरण में परिवर्तन के साथ अपने आंतरिक शरीर के तापमान को नियंत्रित कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**38. ढोल (कुओन अल्पिनस) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ढोल मुख्य रूप से शाकाहारी प्राणी है।
2. ढोल की IUCN स्थिति गंभीर रूप से संकटग्रस्त है।
3. भारत सरकार ने विशाखापत्तनम में अपना पहला ढोल संरक्षण प्रजनन केंद्र स्वीकृत किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**39. इंटरनेशनल कोरल रीफ इनिशिएटिव (ICRI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह राष्ट्रों और संगठनों के बीच एक वैश्विक साझेदारी है जो विश्व भर में प्रवाल भित्तियों एवं संबंधित पारिस्थितिकी प्रणालियों को संरक्षित करने का प्रयास करती है।
2. भारत ने इस पहल के संस्थापक सदस्य के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**40. भौगोलिक संकेतक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भौगोलिक संकेतक टैग कुछ उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक नाम अथवा चिह्न है जिसका संबंध किसी विशिष्ट भौगोलिक स्थान अथवा किसी उत्पाद के मूल स्थान से होता है।
2. विश्व व्यापार संगठन के सदस्य के रूप में भारत ने भौगोलिक संकेतक अधिनियम, 1999 को लागू किया है।
3. अरुणाचल प्रदेश को हाल ही में अरुणाचल याक चुरपी, खाव ताई (खामती चावल) और तांगसा वस्त्र के लिये भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्रदान किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**41. स्ट्रैटोस्फेरिक एरोसोल इंटरवेंशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SAI एल्बिडो में कमी के कारण शीतलन प्रभाव उत्पन्न करने के लिये समताप मंडल में एरोसोल का प्रवेश कराता है, जो ज्वालामुखी शीतकाल में स्वाभाविक रूप से होता है।
2. स्ट्रैटोस्फेरिक एरोसोल इंटरवेंशन (SAI) ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिये सौर जियोइंजीनियरिंग (या सौर विकिरण संशोधन) की एक प्रस्तावित विधि है।
3. मध्यम SAI स्तर उत्तरी अमेरिका और यूरेशिया जैसे मध्य अक्षांश वाले समशीतोष्ण क्षेत्रों में खाद्य उत्पादकता बढ़ा सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**42. डांसिंग फ्रॉग के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डांसिंग फ्रॉग विशेष रूप से, माइक्रिक्सलस जीनस से संबंधित मेंढकों का एक समूह हैं।
2. डांसिंग फ्रॉग की संख्या मच्छरों की आक्रामक प्रजातियों तथा विभिन्न मानवजनित कारकों के कारण खतरे में है।
3. ये सघन छत्र वाले आवरण में निवास करना पसंद करते हैं, ये आमतौर पर (लगभग 70-80%) पश्चिमी घाट में धीमे प्रवाह वाली बारहमासी नदियों के पास पाए जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**43. 'संयुक्त राष्ट्र-पर्यावास' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य सामाजिक एवं पर्यावरण की दृष्टि से स्थायी मानव अधिवास का विकास करना तथा सभी के लिये पर्याप्त आश्रय की उपलब्धता को बढ़ाना है।
2. विश्व पर्यावास दिवस, 2023 की थीम: 'लचीली शहरी अर्थव्यवस्थाएँ, विकास और बहाली के चालक के रूप में शहर' है।
3. यू.एन. स्क्रॉल ऑफ ऑनर पुरस्कार विश्व पर्यावास दिवस के वैश्विक आयोजन में प्रदान किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**44. एशिया-प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान (ABID) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AIBD की स्थापना वर्ष 1977 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के तत्त्वावधान में की गई थी।
2. यह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विकास के क्षेत्र में एशिया और प्रशांत के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (UN-ESCAP) के देशों की सेवा करने वाला एक अद्वितीय क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन है।
3. एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन AIBD द्वारा अपने सहयोगियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से आयोजित वार्षिक सम्मेलन है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**45. निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिये:**

1. हरियाणा
2. पंजाब
3. हिमाचल प्रदेश
4. दिल्ली

**उपर्युक्त में से कितने राज्य सतलुज यमुना लिंक (SYL) नहर से जुड़े हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**46. भारत में गठित निम्नलिखित में से कौन-सी समिति पुलिस सुधार से संबंधित है?**

1. पद्मनाभैया समिति (2000)
2. मलिमथ समिति (2000)
3. न्यायमूर्ति जे एस वर्मा समिति (2012)

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

**47. दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण (Telecom Disputes Settlement and Appellate Tribunal- TDSAT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ट्राई के किसी भी निर्देश, निर्णय अथवा आदेश के विरुद्ध अपील की सुनवाई कर सकता है किंतु सेवा प्रदाताओं और उपभोक्ताओं के बीच विवादों पर फैसला नहीं कर सकता।
2. केंद्रीय संचार मंत्री TDSAT का पदेन अध्यक्ष होता है।
3. TDSAT के पास सिविल कोर्ट के समान सभी शक्तियाँ हैं किंतु सिविल प्रक्रिया संहिता द्वारा निर्धारित प्रक्रियाएँ इसके लिये बाध्यकारी नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**48. उपभोक्ता खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति (Consumer Food Price Inflation- CFPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CFPI व्यापक थोक मूल्य सूचकांक (WPI) का एक उप-घटक है।
2. CFPI विशिष्ट खाद्य पदार्थों के मूल्य परिवर्तन को ट्रैक करता है जो सामान्यत: दैनिक रूप से घरों में उपभोग किये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**49. ओवर द टॉप (OTT) प्लेटफॉर्म के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म ऑडियो तथा वीडियो होस्टिंग और स्ट्रीमिंग सेवाएँ हैं, ये शुरू-शुरू में कंटेंट होस्टिंग प्लेटफॉर्म थे, लेकिन बाद में ये लघु फिल्मों, फीचर फिल्मों, वृत्तचित्रों व वेब-सीरीज़ के निर्माण एवं रिलीज़ तक विस्तारित हो गए।
2. ये सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 द्वारा शासित हैं।
3. ये भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**50. इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड (ITC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड में रणनीतिक और सुरक्षा संबंधी चिंताओं वाले भौगोलिक क्षेत्रों के लिये एक ही कमांडर के तहत तीनों सेनाओं की एकीकृत कमांड की परिकल्पना की गई है।
2. एकीकृत थिएटर कमांड व्यक्तिगत सेवाओं के प्रति जवाबदेह नहीं होगा।
3. शेकतकर समिति, 2015 ने 3 एकीकृत थिएटर कमांड के निर्माण की सिफारिश की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**नोट :**

**51. वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी किया जाता है।
2. इस रिपोर्ट में वर्ष 2023 में वैश्विक GDP वृद्धि 3% होने की उम्मीद है।
3. रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की GDP की अनुमानित आर्थिक वृद्धि दर भारत से अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**52. गाज़ा पट्टी के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गाज़ा पट्टी की सीमा दक्षिण-पश्चिम में लेबनान तथा उत्तर और पूर्व में इज़रायल से लगती है।
2. गाज़ा की स्थितियों को दर्शाने के लिये शिक्षाविदों द्वारा "ओपन एयर प्रिज़न" शब्द का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न ही 1 और न ही 2

**53. बैगा जनजाति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. वे मुख्य रूप से छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पाए जाते हैं।
2. गोदना (टैटू) बैगा संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, प्रत्येक आयु के व्यक्ति शरीर के अंग पर एक विशिष्ट टैटू बनाते है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न ही 1 और न ही 2

**54. एक ऐसी घटना है जहाँ दो या दो से अधिक क्यूबिट की क्वांटम अवस्थाएँ इस तरह से सह-संबद्ध हो जाती हैं कि एक क्यूबिट की स्थिति तुरंत दूसरे की स्थिति को प्रभावित करती है, भले ही वे अत्यधिक दूरियों के कारण अलग हो जाते हैं।**

**उपर्युक्त घटना क्वांटम प्रौद्योगिकी के निम्नलिखित में से किस गुण का सही वर्णन करती है ?**

A. सुपरपोज़िशन
B. क्वांटम एंटैंगलमेंट
C. क्वांटम इंटरफेरेंस
D. इनमें से कोई भी नहीं

**55. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण ( Periodic Labour Force Survey- PLFS ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा किया जाने एक सर्वेक्षण है।
2. यह केवल शहरी क्षेत्रों के लिये एक वित्तीय वर्ष में प्रमुख रोज़गार और बेरोज़गारी संकेतकों का आकलन करता है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

## व्याख्या भाग-1

**1.**

**उत्तर:B**

**व्याख्या:**

- कारमन रेखा समुद्र तल से 100 किमी ऊपर स्थित एक काल्पनिक सीमा है जो पृथ्वी के वायुमंडल को अंतरिक्ष से अलग करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका निर्धारण 1960 के दशक में रिकॉर्ड रखने वाली संस्था फेडरेशन एरोनॉटिक इंटरनेशनाले (FAI) द्वारा किया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कारमन लाइन की स्थापना हवाई क्षेत्र को विनियमित करने और उस ऊँचाई को चिह्नित करने के लिये की गई थी जिसके आगे एक पारंपरिक विमान उड़ान नहीं भर सकता है।
    - इससे आगे उड़ान भरने वाले किसी भी विमान को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से दूर जाने के लिये एक प्रणोदन प्रणाली की आवश्यकता पड़ती है।
- यह एक विधिक संदर्भ के रूप में भी कार्य करता है जो हवाई क्षेत्र को विभाजित करता है, जिस पर कोई देश अपना दावा कर सकता है, साथ ही यह अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र की तरह शासित होता है।

**2.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वैश्विक नवाचार सूचकांक :**

- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (World Intellectual Property Organization- WIPO) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स- 2023 रैंकिंग में भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बरकरार है। **अतः कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।**
- वर्ष 2023 के संस्करण में 132 अर्थव्यवस्थाओं में विश्व की इस वर्ष की नवीनतम अर्थव्यवस्थाओं की रैंकिंग का उल्लेख किया गया है जिसमें शीर्ष 100 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार समूहों का स्थानीयकरण भी किया गया है।

**3.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**कॉलेजियम प्रणाली:**

- सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम का नेतृत्व CJI (भारत के मुख्य न्यायाधीश) करते हैं और इसमें न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- एक उच्च न्यायालय कॉलेजियम का नेतृत्व मौजूदा मुख्य न्यायाधीश और उस न्यायालय के दो अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**4.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

| State | Tribes |
|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश | आदिस, न्यीशी, अपातानी, टैगिन, मिस्मी, खाम्प्ती, वांचो, तांग्शा, मोनपा, आदि। |
| असम | बर्मन, बोडोस (बोडोकाचारिस), देवरी, होजाई, सोनोवाल कछारी, मिरी (मिसिंग), दिमासा, हाजोंग, आदि। |
| नगालैंड | अंगामी, एओ, चांग, चिरू, फोम, रेंगमा, संगतम, सेमा, ज़ेलियांग, आदि।अत: विकल्प (B) सही है। |

**अत: 1 और 3 दोनों सही हैं।**

**5.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पिंक बॉलवॉर्म:**

- PBW एक विनाशकारी कीट है जो मुख्य रूप से कपास की फसल को प्रभावित करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह एशिया की स्थानीय प्रजाति है, जिसे पहली बार वर्ष 1842 में भारत में देखा गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- आनुवंशिक रूप से संशोधित BT कपास के बीज, जो शुरू में कुछ कीटों के खिलाफ प्रभावी थे, कीट के प्रतिरोध के कारण PBW से निपटने में अपनी प्रभावकारिता खो चुके हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**6.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पश्चिम बंगाल में केवल 1,600 व्यक्तियों द्वारा बोली जाने वाली टोटो भाषा विलुप्त होने के कगार पर है। **अत: विकल्प C सही है।**
- हालाँकि टोटो भाषा को संरक्षित करने में सहायता के लिये "टोटो शब्द संग्रह" नामक एक त्रिभाषी शब्दकोश (टोटो-बंगाली-अंग्रेज़ी) 7 अक्तूबर 2023 को कोलकाता में जारी किया जाएगा।

**टोटो भाषा:**

- टोटो भाषा एक चीन-तिब्बती भाषा है जो भूटान की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में टोटो जनजाति के व्यक्तियों द्वारा बोली जाती है।
  - संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (UNESCO) इसे गंभीर रूप से लुप्तप्राय भाषा के रूप में सूचीबद्ध करता है।
- टोटो भाषा मुख्य रूप से मौखिक रूप से बोली जाती है, लेकिन ज्यादातर व्यक्ति इसे या तो बंगाली लिपि में लिखते हैं या बंगाली भाषा में लिखते हैं। धनीराम टोटो इस समुदाय के प्रमुख सदस्य है जिन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। वर्ष 2015 में इन्होंने इसकी एक लिपि विकसित की।

**नोट :**


7.

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

**नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व:**

- **परिचय:**
    - नीलगिरि शब्द, जिसका अर्थ "नीले पहाड़" है, तमिलनाडु में नीलगिरि पठार में नीले फूलों से अच्छादित पहाड़ों (नीलकुरिंजी फूल) से लिया गया है।
    - यह रिज़र्व तीन भारतीय राज्यों में फैला हुआ है: तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल।
    - यह यूनेस्को के मानव और जीवमंडल कार्यक्रम के तहत भारत का पहला बायोस्फीयर रिज़र्व है, जो वर्ष 1986 में स्थापित किया गया था।
    - यह आदियान, अरनादान, कादर, कुरिचियन, कुरुमन और कुरुम्बा जैसे कई आदिवासी समूहों का निवास स्थल है।
    - यह विश्व के अफ्रीकी-उष्णकटिबंधीय और इंडो-मलायन जैविक क्षेत्रों के संगम को चित्रित करता है।
- **NBR में संरक्षित क्षेत्र:**
    - मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य, वायनाड वन्यजीव अभयारण्य, बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान, नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान, मुकुर्थी राष्ट्रीय उद्यान और साइलेंट वैली इस रिजर्व के अंदर मौजूद संरक्षित क्षेत्र हैं।




8.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**प्रोजेक्ट उद्भव:**

- भारतीय सेना ने यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (USI) के साथ साझेदारी में प्रोजेक्ट उद्भव के हिस्से के रूप में एक हाइब्रिड-पैनल चर्चा शुरू की। **अतः कथन 2 सही है।**
    - यह चर्चा "भारतीय सैन्य प्रणालियों का विकास, युद्ध और रणनीतिक सोच: वर्तमान अनुसंधान एवं भविष्य की दिशाएँ" पर केंद्रित थी।

नोट :

- प्रोजेक्ट उद्भव भारतीय सेना द्वारा राज्य कला, युद्ध कला, कूटनीति और भव्य रणनीति के प्राचीन भारतीय ग्रंथों से प्राप्त राज्य कला एवं रणनीतिक विचारों की गहन भारतीय विरासत को फिर से खोजने के लिये शुरू की गई एक पहल है। **अतः कथन 1 सही है।**

**9.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत में जनगणना और जाति जनगणना:**

- SECC पहली बार वर्ष 1931 में आयोजित किया गया था।
- SECC का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में प्रत्येक भारतीय परिवार से आँकड़े एकत्रित करना तथा उनकी आर्थिक स्थिति आदि के विषय में पूछना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में जनगणना की शुरुआत वर्ष 1881 की औपनिवेशिक काल के समय हुई थी।
- जनगणना कार्य का विकास होता गया जिसका प्रयोग सरकार, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और अन्य व्यक्तियों द्वारा भारतीयों की जनसंख्या पर डेटा एकत्र करने, संसाधनों तक पहुँच बनाने, सामाजिक परिवर्तन की रूपरेखा बनाने, परिसीमन अभ्यास आदि के लिये किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2017 से OBC के उप-वर्गीकरण पर विचार कर रहे न्यायमूर्ति रोहिणी आयोग ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है और इसकी सिफारिशें अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**10.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**


**स्वर्णिम त्रिकोण/गोल्डन ट्रायंगल :**

- स्वर्णिम त्रिकोण/गोल्डन ट्रायंगल(म्याँमार, लाओस व थाईलैंड) और स्वर्णिम अर्द्धचंद्र/गोल्डन क्रिसेंट (अफगानिस्तान, पाकिस्तान व ईरान) सहित प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों के पास का भारतीय क्षेत्र उन गतिविधियों से जुड़ा हुआ है जहाँ निषेध पदार्थों का आवागमन तथा वितरण शामिल हो सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है और 2 सही है।**
- फिक्की कैस्केड/FICCI CASCADE (अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाज़ी गतिविधियों के खिलाफ फिक्की की समिति), भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry- FICCI) की एक पहल है। **अतः कथन 3 सही है।**
- इसकी स्थापना 18 जनवरी, 2011 को भारत और विश्व स्तर पर जाली, पास-ऑफ एवं तस्करी के सामानों के अवैध व्यापार के गंभीर मुद्दे को उजागर करने हेतु की गई थी।

**11.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

| विशेषता | कछुआ | टर्टल |
|---|---|---|
| |  |  |

| | | |
|---|---|---|
| कवच का आकार | ऊँचे गुम्बदाकार, गोलाकार, भारी कवच वाले | पतले और अधिक सुव्यवस्थित |
| प्राकृतिक आवास | मुख्यत: स्थलीय (भूमि-निवास) | जल में जीवन के लिये अनुकूलित |
| आहार | मुख्यत: शाकाहारी | सर्वाहारी या शाकाहारी |
| अंग | मोटी, स्तम्भाकार टाँगें, पंजे जैसी उंगलियाँ | तरणक-पाद, जालीदार पैर |

- दिये गये में से केवल 1 और 4 ही कछुओं की सही विशेषताएँ हैं, 2 व 3 टर्टल की विशेषताएँ हैं। **अत: विकल्प A सही है।**

12.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मलेरिया प्लाज़्मोडियम परजीवी के कारण होने वाली एक जानलेवा बीमारी है।यह परजीवी संक्रमित मादा एनाफिलीज़ मच्छर के काटने से मनुष्यों में फैलता है।
- प्लाज़्मोडियम परजीवी की 5 प्रजातियाँ हैं जो मनुष्यों में मलेरिया का कारण बनती हैं जबकि इनमें से 2 प्रजातियाँ पी. फाल्सीपेरम (P. falciparum) एवं पी. विवैक्स (P. vivax) सर्वाधिक खतरा उत्पन्न करती हैं।
    - पी. फाल्सीपेरम सबसे घातक मलेरिया परजीवी है जो अफ्रीकी महाद्वीप पर सबसे अधिक प्रचलित है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - पी. विवैक्स उप-सहारा अफ्रीका के बाहर अधिकांश देशों में प्रमुख मलेरिया परजीवी है।
  - अन्य मलेरिया प्रजातियाँ जो मनुष्यों को संक्रमित कर सकती हैं वे हैं पी. मलेरिया, पी. ओवेल और पी. नोलेसी।
- **व्यापकता:**
  - यह अधिकतर उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है। विश्व में मलेरिया से होने वाली आधी से अधिक मृत्यु के लिये चार अफ्रीकी देश ज़िम्मेदार हैं: नाइजीरिया (31.3%), कांगो गणराज्य (12.6%), संयुक्त तंज़ानिया गणराज्य (4.1%) और नाइजर (3.9%) है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **उन्मूलन रणनीतियाँ:**
  - वैश्विक:
    - मलेरिया के लिये WHO वैश्विक तकनीकी रणनीति 2016-2030, जिसे वर्ष 2021 में संशोधित किया गया था, उच्च लेकिन प्राप्य वैश्विक लक्ष्य स्थापित करती है, जैसे:
- वर्ष 2030 तक मलेरिया के मामलों को 90% तक कम करना।
- वर्ष 2030 तक मलेरिया से होने वाली मृत्यु दर को 90% तक कम करना।
- वर्ष 2030 तक 35 देशों में मलेरिया का उन्मूलन करना।
- मलेरिया मुक्त देशों में मलेरिया के मामले पुन: न पाया जाना सुनिश्चित करना।
  - भारत:
    - मलेरिया उन्मूलन के लिये राष्ट्रीय ढाँचा (2016-2030)
    - मलेरिया उन्मूलन अनुसंधान गठबंधन-भारत (MERA-भारत) **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

13.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मीथेन एक प्रबल ग्रीनहाउस गैस (GHG) है, जिसका वायुमंडलीय जीवनकाल लगभग एक दशक का होता है और यह जलवायु को सैकड़ों वर्षों तक प्रभावित करती है।

नोट :

- वायुमंडल में अपने अस्तित्त्व के प्रारंभिक 20 वर्षों में, मीथेन का वार्मिंग प्रभाव कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 80 गुना अधिक होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मीथेन द्वारा ट्रोपोस्फेरिक ओज़ोन के उत्पादन को बढ़ावा: बढ़ते उत्सर्जन से ट्रोपोस्फेरिक ओज़ोन वायु प्रदूषण में वृद्धि हो रही है, जो सालाना दस लाख से अधिक असामयिक मौतों का कारण बनता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- 'हरित धरा' (HD):
  - भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (Indian Council of Agricultural Research- ICAR) ने एक एंटी-मिथेनोजेनिक फीड सप्लीमेंट 'हरित धारा' (HD) को विकसित किया है, जो मवेशियों के मीथेन उत्सर्जन को 17-20% तक कम कर सकता है और इसके परिणामस्वरूप अधिक दुग्ध उत्पादन भी संभव है। अत: कथन 3 सही है। **अत: विकल्प B सही है।**

**14.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**दक्षिण-चीन सागर:**

- दक्षिण-चीन सागर की सीमा उत्तर में चीन और ताइवान से, पश्चिम में भारत-चीन प्रायद्वीप (वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया व सिंगापुर सहित) से, दक्षिण में इंडोनेशिया और ब्रुनेई से तथा पूर्व में फिलीपींस (पश्चिम फिलीपीन सागर के रूप में) से लगती है।
  - यह ताइवान जलसंधि द्वारा पूर्वी चीन सागर से और लूज़ोन जलसंधि द्वारा फिलीपीन सागर (दोनों प्रशांत महासागर के सीमांत समुद्र) से जुड़ा हुआ है, **अत: दोनों कथन 1 व 2 सही नहीं हैं।**
- दक्षिण-चीन सागर में प्रमुख द्वीप और चट्टान संरचनाएँ स्प्रैटली द्वीप समूह, पैरासेल द्वीप समूह, प्रतास, नटुना द्वीप और स्कारबोरो शोल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**



**15.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पार्कर सौर जाँच:**

- नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) किसी भी मानव निर्मित वस्तु की तुलना में सूर्य का अधिक करीब से अध्ययन करने के लिये सात वर्ष के योजनाबद्ध मिशन के लिये 'पार्कर स्पेस प्रोब' लॉन्च करने वाला है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह सौर सतह से 3.8 मिलियन मील के भीतर सूर्य के कोरोना में उड़ान भरने के लिये तैयार है, जो किसी भी अन्य अंतरिक्ष यान की तुलना में सात गुना करीब है। **अत: कथन 2 सही है।**
- कोरोना पृथ्वी से देखा जाने वाला सूर्य का एक क्षेत्र है जब चंद्रमा पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान सूर्य के प्रदीप्त भाग को अवरुद्ध कर देता है।
  - तारकीय वातावरण के इस बाह्यतम हिस्से का अध्ययन करने के लिये सौर कोरोना के माध्यम से ज़ूम करते समय यह प्रोब चरम ऊष्मा को सहन करने में सक्षम है जो सौर पवन उत्पन्न करती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**16.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पेटेंट किसी आविष्कार के लिये एक वैधानिक अधिकार है जो किसी व्यक्ति या संस्था को किसी विशेष खोज या नए आईडिया के लिये दिया जाता है। यह किसी भी प्रोडक्ट, डिज़ाइन या प्रोसेस के लिये दिया जा सकता है, जिससे कोई अन्य इस पेटेंट की नकल ना कर सके। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - पेटेंट संरक्षण एक क्षेत्रीय अधिकार है और इसलिये यह केवल भारत के क्षेत्र के अंदर ही प्रभावी है। वैश्विक पेटेंट की कोई अवधारणा नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - किसी आविष्कार के लिये पेटेंट योग्यता मानदंड:
    - यह नवीन होना चाहिये।
    - इसमें एक आविष्कारी कदम (तकनीकी उन्नति) शामिल होना चाहिये।
    - औद्योगिक अनुप्रयोग में सक्षम। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **पेटेंट प्रदान करने का विरोध :**
  - भारतीय पेटेंट अधिनियम, 1970 एक व्यक्ति को दो चरणों में पेटेंट के खिलाफ आपत्तियाँ दर्ज करने की अनुमति देता है: अनुदान-पूर्व विरोध और अनुदान-पश्चात विरोध।
  - अनुदान-पूर्व विरोध:
    - विरोध दर्ज करना: कोई भी व्यक्ति पेटेंट आवेदन प्रकाशन के बाद लेकिन अनुदान दिये जाने से पूर्व लिखित रूप में अनुदान-पूर्व विरोध दर्ज करा सकता है। इसके लिये अनुदान संबंधी संपूर्ण विशिष्टताओं की आवश्यकता होती है।
    - अनुदान-पश्चात विरोध: पहले से ही जारी किये गए पेटेंट के प्रकाशन पर एक लिखित विरोध दर्ज किया जा सकता है, लेकिन इसे भारतीय पेटेंट जर्नल में पेटेंट के प्रकाशन के 12 महीने के भीतर नियंत्रक को सौंप दिया जाना चाहिये। **अत: कथन 4 सही है।**

**17.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (National Crime Records Bureau- NCRB) द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रकाशित की जाने वाली प्रिज़न स्टैटिस्टिक्स इंडिया रिपोर्ट के अनुसार कारागार में होने वाली मौतों को प्राकृतिक अथवा अप्राकृतिक के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- बढ़ती उम्र और बीमारियाँ प्राकृतिक मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। इन बीमारियों को हृदय रोग, एच.आई.वी., तपेदिक और कैंसर जैसी अन्य बीमारियों में उप-वर्गीकृत किया गया है।

नोट :

- कारागारों में कैदियों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ, दर्ज की गई प्राकृतिक मौतों की संख्या वर्ष 2016 में 1,424 से बढ़कर 2021 में 1,879 हो गई।

- अप्राकृतिक मौतों का उप-वर्गीकरण इस प्रकार है:
    - आत्महत्या (फाँसी लगाने, ज़हर देने, खुद को चोट पहुँचाने, नशीली दवाओं की अधिक मात्रा लेने, विद्युत का झटका लगने आदि के कारण)
    - सह-कैदियों के कारण
    - गोली लगने से मौत
    - लापरवाही अथवा ज्यादती के कारण मौत
    - आकस्मिक मौतें (भूकंप जैसे प्राकृतिक आपदा, सर्पदंश, डूबना, दुर्घटनावश गिरना, जलने से चोट, दवा/शराब का सेवन आदि)।
- दिये गए विकल्पों में से केवल भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से हुई मौत को कारागार में अप्राकृतिक मृत्यु के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। **अतः विकल्प B सही है।**

**18.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **प्लैटीपस:**
    - प्लैटिपस एक स्तनपायी जीव है जो केवल ऑस्ट्रेलिया में पाया जाता है। इसका सुव्यवस्थित शरीर और चौड़ी, सपाट पूँछ घने जलरोधी फर से ढकी होती है, जो उत्कृष्ट थर्मल इन्सुलेशन प्रदान करती है।
        - उनके पास तैरने के लिये जालीयुक्त पाद होते हैं और नदियों तथा झरनों में भोजन खोजने के लिये उनकी चोंच में इलेक्ट्रोरिसेप्टर होते हैं।
    - इकिडना के साथ प्लैटिपस को मोनोट्रेम नामक स्तनधारियों के एक अलग क्रम में समूहीकृत किया जाता है, जो अन्य सभी स्तनधारियों से अलग होते हैं क्योंकि वे अंडे देते हैं।
        - इसके अलावा नर प्लैटिपस के टखनों पर एक जहरीला गाँठ/स्पर होता है, जो स्तनधारियों के बीच एक अनोखी विशेषता है, जिसका उपयोग वे मुख्य रूप से प्रजनन के मौसम के दौरान करते हैं।
        - हालाँकि ये विष घातक नहीं होते है, फिर भी संपर्क में आने की स्थिति में इससे मनुष्यों को गंभीर दर्द और सूजन हो सकता है।
- **पर्यावास और वितरण:**
    - प्लैटिपस ऑस्ट्रेलियाई दृश्भूमियों में मीठे जल वाले वातावरण प्रणालियों में निवास करते हैं।
    - वे उष्णकटिबंधीय वर्षावन के निचले इलाकों, उत्तरी क्वींसलैंड के पठारों और यहाँ तक कि तस्मानिया एवं ऑस्ट्रेलियाई आल्प्स जैसे ठंडे, अधिक ऊँचाई वाले क्षेत्रों में भी पाए जा सकते हैं।
- **मौसम और व्यवहार:**
    - प्लैटिपस पूरे वर्ष, विशेषकर शाम और रात में सक्रिय रहना पसंद करते हैं।
    - प्लैटिपस अपना अधिकांश समय नदी के किनारे बिलों में या चट्टानी दरारों में बिताते हैं।
- **खाद्य व्यवहार:**
    - प्लैटिपस मुख्य रूप से रात में विभिन्न प्रकार के जलीय अकशेरुकी जीवों को खाते हैं।
    - ये कीट, लार्वा, झींगा, स्विमिंग बीटल, जल-कीट, टैडपोल, कृमि और विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म जीवों को खाते हैं।
    - ये बड़े शिकार को उठाकर जल सतह पर ले आते हैं फिर इन्हें खाते हैं।

नोट :

19.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**लघु चित्रकला:**

- लघु चित्र रंगीन हस्तनिर्मित चित्र होते हैं जो आकार में बहुत छोटे होते हैं। इन चित्रों की उत्कृष्ट विशेषताओं में से एक जटिल ब्रशवर्क है जो उनकी विशिष्ट पहचान में योगदान देता है।
- चित्रों में प्रयुक्त रंग विभिन्न प्राकृतिक स्रोतों जैसे सब्जियों, नील, कीमती पत्थरों, सोने और चाँदी से प्राप्त होते हैं।
- इन्हें अक्सर किताबों अथवा एल्बमों के लिये कागज, ताड़ के पत्तों और कपड़े सहित खराब होने वाली सामग्री पर चित्रित किया जाता था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - बंगाल के पालों को भारत में लघु चित्रकला में अग्रणी माना जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है। नहीं है।**
  - लघु चित्रों की परंपरा को किशनगढ़, बूंदी जयपुर, मेवाड़ एवं मारवाड़ सहित विभिन्न राजस्थानी चित्रकला शाखा के कलाकारों ने आगे बढ़ाया।
  - पाल शाखा: प्रारंभिक भारतीय लघुचित्र 8वीं शताब्दी ई.पू. की पाल शाखा से संबंधित हैं।
    - चित्रकला की इस शाखा में रंगों के प्रतीकात्मक उपयोग पर बल दिया जाता था साथ ही विषय-वस्तु प्राय: बौद्ध तांत्रिक अनुष्ठानों से ली जाती थी। **अत: कथन 3 सही है।**

20.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण ( National Company Law Appellate Tribunal- NCLAT ):**

- NCLAT का गठन राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) के आदेशों के विरुद्ध अपील सुनने के लिये कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 410 के तहत किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- NCLAT एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है जो कंपनियों से संबंधित मुद्दों पर फैसला करता है।
- यह दिवाला और दिवालियापन संहिता (IBC), 2016 की धारा 61 के तहत NCLAT द्वारा पारित आदेशों के लिये तथा भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (IBBI) के अंतर्गत IBC धारा 202 तथा 211 के तहत पारित आदेशों के लिये अपीलीय न्यायाधिकरण भी है।
- NCLAT के किसी भी आदेश से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

21.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- हाल ही में, वर्ष 2023 के लिये साहित्य का नोबेल पुरस्कार जॉन फॉसे को "उनके अभिनव नाटकों और गद्य के लिये प्रदान किया गया, जो अनकही अभिव्यक्ति को आवाज़ देते हैं।"
- रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा क्वांटम डॉट्स की अभूतपूर्व खोज और संश्लेषण के लिये मौंगी जी बावेंडी, लुईस ई ब्रूस एवं एलेक्सी आई एकिमोव को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार वर्ष 2023 से सम्मानित किया।
- भौतिकी के लिये वर्ष 2023 का नोबेल पुरस्कार तीन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को दिया गया है: पियरे एगोस्टिनी, फेरेन्क क्रॉस्ज़ एवं ऐनी एलहुइलियर।
- वर्ष 2023 के लिये फिजियोलॉजी और मेडिसिन के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार कैटलिन कारिको एवं ड्रू वीसमैन को मैसेंजर राइबोन्यूक्लिक एसिड (mRNA) के न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधन पर उनके अभूतपूर्व कार्य के लिये प्रदान किया गया है। **अत: विकल्प A सही है।**

नोट :

22.

उत्तर: C

व्याख्या:

**मानव माइक्रोबायोम का शारीरिक कार्यों से जुड़ाव:**

- **पाचन स्वास्थ्य और पोषक तत्त्वों का अवशोषण:**
    - आँत माइक्रोबायोम मुख्य रूप से आँतों में, जटिल कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और अन्य अपचनीय यौगिकों को तोड़ने में सहायता करता है जिन्हें मानव शरीर अपने आप संसाधित नहीं कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - सूक्ष्मजीव किण्वन प्रक्रिया में सहायता करते हैं, विटामिन (जैसे, विटामिन बी. और के.) जैसे आवश्यक पोषक तत्त्व उत्पन्न करते हैं जिन्हें शरीर अवशोषित और उपयोग कर सकता है।
- **प्रतिरक्षा प्रणाली विनियमन:**
    - माइक्रोबायोम प्रतिरक्षा प्रणाली के साथ निकटता से संपर्क करता है, इसके विकास, प्रशिक्षण और प्रतिक्रियाओं को प्रभावित करता है।
    - एक अच्छी तरह से संतुलित माइक्रोबायोम प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं को विनियमित करने, अनुचित प्रतिक्रियाओं को रोकने तथा संक्रमण से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने में सहायता प्रदान करता है।
- **चयापचय स्वास्थ्य एवं वज़न विनियमन:**
    - आँत माइक्रोबायोम की संरचना मोटापे के साथ टाइप 2 मधुमेह जैसे चयापचय संबंधी विकारों से जुड़ी हुई है।
    - कुछ रोगाणु भोजन के चयापचय के द्वारा ऊर्जा निष्कर्षण तथा वसा के भंडारण को प्रभावित कर सकते हैं, अंततः इससे शरीर का वज़न और स्वास्थ्य प्रभावित होता है।
- **मानसिक स्वास्थ्य और मस्तिष्क कार्य:**
    - आँत मस्तिष्क अक्ष तंत्रिका, हार्मोनल तथा रोग प्रतिरक्षण मार्गों के माध्यम से आँत और मस्तिष्क के बीच द्विदिशिक संचार का प्रतिनिधित्व करती है।
- आँत माइक्रोबायोम तंत्रिका संचारक का उत्पादन करके तथा केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के साथ संपर्क स्थापित करके मस्तिष्क के कार्य, व्यवहार एवं चिंता, अवसाद और तनाव जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को प्रभावित कर सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**

23.

उत्तर: A

व्याख्या:

- FPS भारत में सरकार द्वारा संचालित एक विनियमित रिटेल आउटलेट या स्टोर है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - उचित मूल्य की दुकानों का प्राथमिक उद्देश्य जनता को आवश्यक वस्तुओं जैसे खाद्यान्न, खाद्य तेल, चीनी और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं को रियायती या उचित मूल्य पर वितरित करना है।
    - ये दुकानें आमतौर पर सरकारी कल्याण कार्यक्रमों का हिस्सा हैं जिनका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और कम आय वाले परिवारों पर आर्थिक बोझ को कम करना है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
        - इस प्रणाली में आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से लाभार्थियों के सत्यापन के लिये एक मज़बूत तंत्र मौजूद है और इसमें इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ सेल (e-POS) मशीनों की सहायता से ऑनलाइन लेनदेन की निगरानी करने की सुविधा है। अतः कथन 2 सही है।
        - लाभार्थियों को सही मात्रा में राशन मिले यह सुनिश्चित करने के लिये e-PoS उपकरणों को इलेक्ट्रॉनिक वज़न मशीनों के साथ एकीकृत किया गया है।
        - ये FPS और ePOS मशीनें वन नेशन वन राशन कार्ड योजना (ONORC) के कार्यान्वयन एवं निर्बाध कार्यान्वयन में सहायक साबित हुई हैं।

नोट :

24.

उत्तर: B

व्याख्या:

हेट स्पीच

- **परिचय:**
  - भारत के विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - भाषण का संदर्भ यह निर्धारित करने के लिये महत्त्वपूर्ण है कि यह नफरत फैलाने वाला भाषण है या नहीं।
- **भारत में हेट स्पीच की कानूनी स्थिति:**
  - भाषण की स्वतंत्रता और हेट स्पीच:
    - अनुच्छेद 19(2) इस अधिकार पर उचित प्रतिबंध लगाता है, इसके उपयोग और दुरुपयोग को संतुलित करता है।
- संप्रभुता, अखंडता, सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, गरिमा, नैतिकता, न्यायालय की अवमानना, मानहानि अथवा किसी अपराध को भड़काने के हित में प्रतिबंधों की अनुमति है।
  - भारतीय दंड संहिता:
    - IPC की धारा 153A तथा 153 B:
- समूहों के बीच शत्रुता और घृणा उत्पन्न करने वालों को दंडित करना।
    - IPC की धारा 295A:
- दंडात्मक कृत्यों से संबंधित है जो जानबूझकर अथवा दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से एक वर्ग के व्यक्तियों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाते हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - धारा 505(1) तथा 505(2):
- ऐसी सामग्री के प्रकाशन और प्रसार को अपराध मानना जो विभिन्न समूहों के बीच दुर्भावना या घृणा उत्पन्न कर सकती है।

25.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ( NADA )**
  - राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) को भारत में डोप मुक्त खेलों के लिये एक जनादेश के साथ 24 नवंबर, 2005 को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसका प्राथमिक उद्देश्य विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (WADA) कोड के अनुसार डोपिंग रोधी नियमों को लागू करना, डोप नियंत्रण कार्यक्रम को विनियमित करना, शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देना तथा डोपिंग एवं इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अत: कथन 2 सही है।
  - NADA के पास इसके लिये आवश्यक अधिकार और ज़िम्मेदारी है:
- डोपिंग रोधी गतिविधियों की योजना बनाना, उन्हें लागू करना और उनकी निगरानी करना।
- अन्य प्रासंगिक राष्ट्रीय संगठनों, एजेंसियों और अन्य डोपिंग रोधी संगठनों आदि के साथ सहयोग करना।
    - विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (WADA)
  - नवंबर 1999 में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के तहत विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (WADA) की स्थापना की गई थी।
  - खेल में डोपिंग के खिलाफ यूनेस्को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (2005) द्वारा WADA को मान्यता दी गई है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - WADA की प्राथमिक भूमिका सभी खेलों और देशों में एंटी-डोपिंग नियमों को विकसित करना, सामंजस्य तथा समन्वय स्थापित करना है।

नोट :

**26.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**चाबहार बंदरगाह :**

- चाबहार ईरान का एकमात्र समुद्री पोत/बंदरगाह है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में मकरान तट पर स्थित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- चाबहार में दो मुख्य बंदरगाह हैं - शाहीद कलंतरी बंदरगाह और शाहिद बेहेश्टी बंदरगाह। **अत: कथन 3 सही है।**
  - शाहीद कलंतरी बंदरगाह का निर्माण 1980 के दशक में किया गया था।
  - ईरान ने भारत को शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह विकसित करने की परियोजना की पेशकश की थी जिसकी भारत ने खूब सराहना की।




**27.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विलफुल डिफॉल्टर एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है जिसमें एक उधारकर्त्ता, उधार चुकाने की क्षमता होने के बावजूद जानबूझकर ऋण नहीं चुकाता है जिसकी बकाया राशि 25 लाख रुपए या उससे अधिक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बड़े डिफॉल्टर्स से तात्पर्य 1 करोड़ रुपए या उससे अधिक की बकाया धनराशि वाले उधारकर्त्ताओं से है, जिसके खाते को संदिग्ध या हानि के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**28.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- दांदेली वन कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ ज़िले में स्थित है और पश्चिमी घाट का हिस्सा है, जो विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त जैवविविधता हॉटस्पॉट है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- काली टाइगर रिज़र्व दांदेली वन से सटा एक संरक्षित क्षेत्र है।
  - टाइगर रिज़र्व में क्षेत्र के दो महत्त्वपूर्ण संरक्षित क्षेत्र शामिल हैं, दांदेली वन्यजीव अभयारण्य और अंशी राष्ट्रीय उद्यान। **अत: कथन 2 सही है।**
- वनों में पाए जाने वाली प्राकृतिक घासों की जगह अब यूपेटोरियम खरपतवार ले रहा है, जिससे शाकाहारी जीवों की आहार शृंखला पर प्रभाव पड़ रहा है क्योंकि उनके लिये यह भोजन का मुख्य स्रोत नहीं है, साथ ही यह आग के प्रति संवेदनशील भी है। **अत: कथन 3 सही है।**

**29.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ऑपरेशन कैक्टस 1988: ऑपरेशन कैक्टस के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने तख्तापलट की कोशिश को नाकाम करने में मालदीव सरकार की मदद की है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ऑपरेशन नीर 2014: ऑपरेशन नीर (Operation Neer) के तहत भारत ने पेयजल संकट से निपटने के लिये मालदीव को पेयजल की आपूर्ति की। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**30.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अरब सागर की तुलना में बंगाल की खाड़ी (Bay of Bengal- BOB) में चक्रवात की उत्पत्ति अपेक्षाकृत अधिक एवं तीव्र होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - बंगाल की खाड़ी में आमतौर पर उष्णकटिबंधीय चक्रवात के मौसम के दौरान चक्रवात की कई घटनाएँ होती हैं, जो मुख्य रूप से अप्रैल से दिसंबर तक होती हैं।
- BOB में आमतौर पर समुद्र की सतह का तापमान अधिक होता है, अमूमन माननसून के पूर्व और मानसून पश्चात् सीज़न के दौरान, जो चक्रवात की उत्पत्ति एवं तीव्रता के लिये आवश्यक ऊर्जा व नमी प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- BOB में पवन अभिसरण, कोरिओलिस बल (पृथ्वी के घूर्णन के परिणामस्वरूप) के साथ मिलकर चक्रवात की उत्पत्ति के लिये उपयुक्त वातावरण का निर्माण करता है। ये परिवर्तित हवाएँ निम्न दबाव के क्षेत्र उत्पन्न करते हैं, जो उष्णकटिबंधीय विक्षोभ और चक्रवात के रूप में विकसित हो सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**31.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

श्री रामलिंगा स्वामी 19वीं सदी के एक प्रमुख तमिल कवि और "ज्ञान सिद्धार" वंश के सदस्य थे। उनका जन्म तमिलनाडु के मरुधुर गाँव में हुआ था।

**सामाजिक सुधार का दृष्टिकोण:**

- वल्लालर का दृष्टिकोण धार्मिक, जाति और पंथ की बाधाओं से परे है, उनका मानना है कि ब्रह्मांड के प्रत्येक अंश में दिव्यता है।
  - वल्लालर जाति व्यवस्था के सख्त खिलाफ थे और उन्होंने वर्ष 1865 में 'समरसा वेद सन्मार्ग संगम' की शुरुआत की, जिसे बाद में 'समरसा शुद्ध सन्मार्ग सत्य संगम' नाम दिया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- उन्होंने वर्ष 1867 में तमिलनाडु के वडालुर में निशुल्क भोजन सुविधा 'द सत्य धर्म सलाई' की स्थापना की, जो बिना जाति भेद के सभी लोगों को सेवा प्रदान करती थी।
- जनवरी 1872 में वल्लालर ने वडालुर में 'सत्य ज्ञान सभा' (हॉल ऑफ टू नॉलेज) की स्थापना की।

- दार्शनिक मान्यताएँ और शिक्षाएँ:
  - "जीवित प्राणियों की सेवा ही मुक्ति/मोक्ष का मार्ग है" वल्लालर की प्राथमिक शिक्षाओं में से एक थी।

नोट :

- वल्लालर का मानना था कि मनुष्य के पास जो बुद्धि है, वह भ्रामक (माया) बुद्धि है तथा सटीक अथवा अंतिम नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- उन्होंने अंतिम बुद्धिमत्ता के मार्ग के रूप में 'जीव करुण्यम' (जीवित प्राणियों के प्रति करुणा) पर ज़ोर दिया।

- उन्होंने भोजन के लिये जानवरों को न मारने का आह्वान किया और गरीबों को खाना खिलाना सर्वोच्च धर्म बताया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- उनका यह भी मानना था कि अनुग्रह के रूप में ईश्वर दया और ज्ञान का अवतार है तथा दया ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग है। **अतः कथन 4 सही है।**

**32.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
  - गंगा नदी डॉल्फिन (Platanista gangetica), जिसे "टाइगर ऑफ द गंगा" के नाम से भी जाना जाता है, की खोज आधिकारिक तौर पर वर्ष 1801 में की गई थी।
- **पर्यावास:**
  - गंगा नदी डॉल्फिन मुख्य रूप से भारत, नेपाल और बांग्लादेश की प्रमुख नदी प्रणालियों (गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना एवं कर्णफुली-सांगु) में पाई जाती है।
- **विशेषताएँ:**
  - गंगा नदी डॉल्फिन केवल मीठे जल स्रोतों में ही रह सकती है और मूलतः दृष्टिहीन होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ये अल्ट्रासोनिक ध्वनियाँ उत्सर्जित कर मछली एवं अन्य शिकार को उछालती हैं, जिससे उन्हें अपने दिमाग में एक छवि "देखने" में मदद मिलती है और इस प्रकार अपना शिकार करती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ये प्रायः अकेले या छोटे समूहों में पाई जाती हैं और आमतौर पर मादा डॉल्फिन तथा शिशु डॉल्फिन एक साथ यात्रा करते हैं।
    - मादाएँ, आकार में नर से बड़ी होती हैं और प्रत्येक दो से तीन वर्ष में केवल एक बार शिशु को जन्म देती हैं।
  - स्तनपायी होने के कारण गंगा नदी डॉल्फिन जल में साँस नहीं ले सकती है और उसे प्रत्येक 30-120 सेकंड में सतह पर आना पड़ता है
    - साँस लेते समय निकलने वाली ध्वनि के कारण इस जीव को लोकप्रिय रूप से 'सोंस' अथवा सुसुक कहा जाता है।
- **महत्त्व:**
  - इनका बहुत अधिक महत्त्व है क्योंकि यह संपूर्ण नदी पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य का एक विश्वसनीय संकेतक है।
    - भारत सरकार ने वर्ष 2009 में इसे राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया। यह असम का राज्य जलीय पशु भी है। **अतः कथन 3 सही है।**

**33.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**छत्रपति शिवाजी महाराज:**

- **जन्म:**
- उनका जन्म 19 फरवरी, 1630 को महाराष्ट्र के पुणे ज़िले के शिवनेरी किले में हुआ था, वह बीजापुर सल्तनत के तहत पुणे और सुपे की जागीरदारी रखने वाले मराठा सेनापति शाहजी भोंसले तथा एक धार्मिक महिला जीजाबाई के पुत्र थे, जिनका शिवाजी के जीवन पर काफी प्रभाव पड़ा।

नोट :

- **उपाधियाँ:**
  - उनके द्वारा छत्रपति, शाककार्ता, क्षत्रिय कुलवंत तथा हैंदव धर्मोधारक की उपाधियाँ धारण की गई। **अत: कथन 1 सही है।**
    - राजस्व प्रशासन:
    - शिवाजी ने जागीरदारी प्रणाली को समाप्त कर दिया और इसे रैयतवारी प्रणाली में बदल दिया तथा वंशानुगत राजस्व अधिकारियों की स्थिति में परिवर्तन किया, जिन्हें देशमुख, देशपांडे, पाटिल एवं कुलकर्णी के नाम से जाना जाता था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - शिवाजी उन मीरासदारों (Mirasdar) का कड़ाई से पर्यवेक्षण करते थे जिनके पास भूमि पर वंशानुगत अधिकार था।
    - राजस्व प्रणाली मलिक अंबर की काठी प्रणाली (Kathi System) से प्रेरित थी, जिसमें भूमि के प्रत्येक टुकड़े को रॉड अथवा काठी द्वारा मापा जाता था।
    - चौथ और सरदेशमुखी आय के अन्य स्रोत थे।
    - चौथ कुल राजस्व का 1/4 भाग था जिसे गैर-मराठा क्षेत्रों से मराठा आक्रमण से बचने के बदले वसूला जाता था।
    - यह आय का 10 प्रतिशत होता था जो अतिरिक्त कर के रूप में था।
- **सैन्य प्रशासन:**
    - शिवाजी ने एक अनुशासित और कुशल सेना का गठन किया। सामान्य सैनिकों को नकद में भुगतान किया जाता था, लेकिन प्रमुख एवं सैन्य कमांडर को जागीर अनुदान (सरंजाम) के माध्यम से भुगतान किया जाता था। **अत: कथन 3 सही है।**
- उनकी सेना में इन्फैंट्री सेना (मावली पैदल सैनिक), घुड़सवार सेना (घुड़सवार और उपकरण संचालक) तथा एक नौसेना शामिल थी।
  - मृत्यु:
  - शिवाजी का निधन वर्ष 1680 में रायगढ़ में हुआ तथा उनका अंतिम संस्कार रायगढ़ किले में किया गया। उनके साहस, युद्ध रणनीति और प्रशासनिक कौशल की स्मृति एवं सम्मान में प्रत्येक वर्ष 19 फरवरी को शिवाजी महाराज जयंती मनाई जाती है।

**34.**

**उत्तर:D**

**व्याख्या:**

- तिब्बत पृथ्वी पर सबसे ऊँचा क्षेत्र है, जिसकी औसत ऊँचाई 4,900 मीटर है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- तिब्बत क्षेत्र में सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 1951 में तिब्बती नेताओं को चीन द्वारा निर्धारित एक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिये मजबूर किया गया था। यह संधि (जिसे "सत्रह सूत्री समझौते" के रूप में जाना जाता है) तिब्बती स्वायत्तता की गारंटी देने और बौद्ध धर्म का सम्मान करने से संबंधित है, लेकिन इसके तहत ल्हासा (तिब्बत की राजधानी) में चीनी नागरिक तथा सैन्य मुख्यालय की स्थापना की भी अनुमति दी गई है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**35.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- गर्भाशय प्रत्यारोपण से उन महिलाओं की प्रजनन आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक हो सकती है जिनके पास गर्भाशय की कमी है।
- हाल ही में यूनाइटेड किंगडम का पहला गर्भाशय प्रत्यारोपण आयोजित किया गया, जिससे प्रजनन संबंधी चुनौतियों का सामना करने वाली महिलाओं में नई आशा जागृत हुई।
- भारत उन कुछ देशों में से एक है जहाँ गर्भाशय का सफल प्रत्यारोपण हुआ है, इसके साथ ही अन्य में तुर्की, स्वीडन और अमेरिका शामिल हैं। **अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

**36.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने टेली मानसिक स्वास्थ्य सहायता तथा राज्यों में इसकी नेटवर्किंग (Tele MANAS) सेवा की सफलता पर प्रकाश डाला।
- टेली-मानस सेवा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस, 2022 पर शुरू की गई एक मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवा है।
- टेली-मानस का उद्देश्य सभी भारतीय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) के एक डिजिटल घटक के रूप में 24X7 टेली-मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की न्यायसंगत, सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करना है। **अतः विकल्प A सही है।**

**37.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- उभयचर एनिमेलिया जीव जगत के कॉर्डेटा संघ के अंतर्गत आते हैं, उदाहरण के लिये मेंढक, टोड, सैलामैंडर, न्यूट्स, सीसिलियन आदि।
- ये बहुकोशिकीय कशेरुक हैं जो स्थल और जल दोनों पर निवास करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये फुफ्फुस और त्वचा के माध्यम से श्वसन क्रिया करते हैं।
- ये भूमि पर विचरण करने वाले पहले समतापी जीव हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- समतापी जीव होने के कारण उभयचर पर्यावरण में परिवर्तन के साथ अपने आंतरिक शरीर के तापमान को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**38.**

**उत्तर:A**

**व्याख्या:**

- ढाल (कुओन अल्पिनस) एक जंगली मांसाहारी जानवर है तथा कैनिडे समूह और स्तनधारी वर्ग से संबंधित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **संरक्षण स्थिति:**
    - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची 2.
    - IUCN रेड लिस्ट: लुप्तप्राय।
    - वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय (CITES): परिशिष्ट। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2014 में भारत सरकार द्वारा विशाखापत्तनम में इंदिरा गांधी प्राणी उद्यान (IGZP) में ढोल संरक्षण के लिये पहला प्रजनन केंद्र बनाया गया। **अतः कथन 3 सही है।**

**39.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**इंटरनेशनल कोरल रीफ इनिशिएटिव (ICRI):**

- यह राष्ट्रों और संगठनों के बीच एक वैश्विक साझेदारी है जो विश्व भर में प्रवाल भित्तियों एवं संबंधित पारिस्थितिकी प्रणालियों को संरक्षित करने का प्रयास करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस पहल की शुरुआत वर्ष 1994 में आठ देश की सरकारों द्वारा की गई थी जिसमें ऑस्ट्रेलिया, फ्राँस, जापान, जमैका, फिलीपींस, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल थे।

नोट :

- इसकी घोषणा वर्ष 1994 में आयोजित जैव-विविधता पर अभिसमय के कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ के पहले सम्मेलन में की गई थी।
- ICRI से जुड़े संगठनों की संख्या 101 है, जिनमें 45 देश शामिल हैं (भारत उनमें से एक है)। हालाँकि भारत इस पहल का संस्थापक सदस्य नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**40.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भौगोलिक संकेतक (GI) टैग**

- भौगोलिक संकेतक टैग कुछ उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक चिह्न है जिसका संबंध किसी विशिष्ट भौगोलिक स्थान अथवा किसी उत्पाद के मूल स्थान से होता है।
- भौगोलिक संकेतकों को पेरिस अभिसमय के अनुच्छेद 1(2) और 10 के तहत बौद्धिक संपदा अधिकारों के एक भाग के रूप में तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (TRIPS) समझौते के अनुच्छेद 22 से 24 के तहत मान्यता प्राप्त है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organisation- WTO) के सदस्य के रूप में भारत ने इस प्रकार के संकेतको की सुरक्षा के लिये भौगोलिक संकेत अधिनियम, 1999 को लागू किया, जो 15 सितंबर, 2003 से प्रभावी हुआ। **अत: कथन 2 सही है।**
- अरुणाचल प्रदेश को हाल ही में अरुणाचल याक चुरपी, खाव ताई (खामती चावल) और तांगसा वस्त्र के लिये भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्रदान किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**41.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- स्ट्रैटोस्फेरिक एरोसोल इंटरवेंशन (SAI) ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिये सौर जियोइंजीनियरिंग (या सौर विकिरण संशोधन) की एक प्रस्तावित विधि है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके तहत वैश्विक दीप्तिमंदकता (Global Dimming) और बढ़े हुए अल्बेडो के माध्यम से शीतलन प्रभाव पैदा करने के लिये समताप मंडल में एरोसोल को मुक्त किया जाएगा, जो कि ज्वालामुखी सर्दियों के दौरान स्वाभाविक रूप से होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- फिलीपींस में वर्ष 2001 में माउंट पिनाटुबो में हुए विस्फोट से लगभग 15 मिलियन टन सल्फर डाइऑक्साइड समताप मंडल में उत्सर्जित हुआ, जो बाद में ऐरोसोल कण बना।
- नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) के अनुसार, इस घटना के बाद अगले 15 महीनों में औसत वैश्विक तापमान में लगभग 0.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई।
- मध्यम SAI स्तर उत्तरी अमेरिका और यूरेशिया जैसे मध्य अक्षांश वाले समशीतोष्ण क्षेत्रों में खाद्य उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**42.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- डांसिंग फ्रॉग विशेष रूप से, माइक्रिक्सलस जीनस से संबंधित मेंढकों का एक समूह है। **अत: कथन 1 सही है।**
- डांसिंग फ्रॉग में एक विशिष्ट संसर्ग प्रक्रिया होती है जिसमें पैर हिलाने की विशेषता होती है, जहाँ नर अपने पश्च पादों को फैलाते और अपने जालदार पंजों को हिलाते हैं।
- डांसिंग फ्रॉग की संख्या विभिन्न मानवजनित कारकों के कारण खतरे में है जिनमें मच्छर, मछली जैसी आक्रामक प्रजातियाँ, भूमि उपयोग में परिवर्तन, तापमान और आर्द्रता भिन्नताएँ, विषम मौसम की घटनाएँ, संक्रामक रोग, जल प्रदूषण, प्रकाश प्रदूषण एवं बाँध जैसी बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- भारतीय वन्यजीव ट्रस्ट की 'उभयचर पुनर्प्राप्ति परियोजना' जैसी संरक्षण पहलें सक्रिय रूप से उन चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम हैं जो उभयचर प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा उत्पन्न करती हैं।
- ये सघन छत्र वाले आवरण में निवास करना पसंद करते हैं, ये आमतौर पर (लगभग 70-80%) पश्चिमी घाट में धीमे प्रवाह वाली बारहमासी नदियों के पास पाए जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**43.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र मानव अधिवास कार्यक्रम (UN-Habitat) एक बेहतर शहरी भविष्य की दिशा में काम करने वाला संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम है।
- इसका उद्देश्य सामाजिक एवं पर्यावरण की दृष्टि से स्थायी मानव अधिवास के विकास तथा सभी के लिये पर्याप्त आश्रय की उपलब्धता को बढ़ाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2023 की थीम: 'लचीली शहरी अर्थव्यवस्थाएँ, विकास और बहाली के चालक के रूप में शहर' है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका उद्देश्य उन पहलों को स्वीकार करना है जिन्होंने मानव बस्तियों, आवास के प्रावधान, गरीबी में रहने वाले या विस्थापित लोगों की दुर्दशा को उजागर करने, मानव बस्तियों के विकास और सुधार तथा शहरी जीवन की गुणवत्ता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। इसने सतत् विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals- SDG) के लक्ष्य-11 को विस्तृत किया: जो "शहरों एवं मानव अधिवास को समावेशी, सुरक्षित, क्षमतावान एवं धारणीय बनाना है।
- यू.एन. हैबिटेट स्क्रॉल ऑफ ऑनर पुरस्कार विश्व पर्यावास दिवस के वैश्विक आयोजन में प्रदान किया जाता है, यह दिन संयुक्त राष्ट्र ने विश्व को यह याद दिलाने के लिये रखा है कि हम सभी के पास अपने शहरों और कस्बों की स्थिति पर विचार करने और भविष्य को आकार देने की ज़िम्मेदारी है। **अतः कथन 3 सही है।**

**44.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**


- एशिया-प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान (AIBD) की स्थापना वर्ष 1977 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) के तत्वावधान में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका सचिवालय कुआलालंपुर में स्थित है और इसकी मेज़बानी मलेशिया सरकार द्वारा की जाती है।
- यह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विकास के क्षेत्र में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिये संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (UN-ESCAP) के देशों की सेवा करने वाला एक विशिष्ट क्षेत्रीय अंतर सरकारी संगठन है। **अतः कथन 2 सही है।**
- AIBD को नीति और संसाधन विकास के माध्यम से एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक जीवंत एवं सामंजस्यपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वातावरण प्राप्त करने का दायित्व सौंपा गया है।
- एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका आयोजन AIBD द्वारा उसके सहयोगियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**45.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद भारत के पंजाब और हरियाणा राज्यों से जुड़ा है।
- सतलज यमुना लिंक (SYL) नहर, पंजाब में लगभग 121 किमी तथा हरियाणा में 90 किमी लंबी है। **अतः विकल्प B सही है।**




46.

उत्तर: D

व्याख्या:

नीचे दिये गए इन्फोग्राफिक से समझा जा सकता है कि उपर्युक्त तीनों समितियाँ पुलिस सुधार से संबंधित हैं:

नोट :




अत: विकल्प D सही है।

47.

उत्तर: A

व्याख्या:

**दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण (Telecom Disputes Settlement and Appellate Tribunal- TDSAT):**

- TRAI अधिनियम, 1997 में संशोधन: TRAI अधिनियम को वर्ष 2000 में संशोधित किया गया, जिसने TRAI के न्यायिक और विवादपूर्ण कार्यों को संभालने के लिये एक दूरसंचार विवाद निपटान एवं अपीलीय न्यायाधिकरण (TDSAT) की स्थापना की।

नोट :

- TDSAT की स्थापना निम्नलिखित के बीच किसी भी विवाद का निपटारा करने हेतु की गई थी:
  - एक लाइसेंस प्रदान कर्त्ता और एक लाइसेंसधारी।
  - दो या दो से अधिक सेवा प्रदाता।
  - एक सेवा प्रदाता और उपभोक्ताओं का समूह।
  - इसकी स्थापना TRAI के किसी भी निर्देश, निर्णय या आदेश के विरुद्ध अपील सुनने और निपटाने के लिये भी की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- TDSAT में एक अध्यक्ष और दो अन्य सदस्य होते हैं, जिनकी नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इसके सदस्यों का चयन भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है।
- TDSAT की शक्तियाँ और अधिकार क्षेत्र:
  - कोई भी मामला जिसमें TDSAT को निर्णय लेने का अधिकार है, सिविल कोर्ट को उस मामले पर विचार करने का अधिकार नहीं है।
  - TDSAT द्वारा पारित आदेश सिविल कोर्ट की डिक्री (किसी सक्षम न्यायालय के निर्णय की औपचारिक अभिव्यक्ति) के रूप में निष्पादन योग्य है, ट्रिब्यूनल के पास सिविल कोर्ट की सभी शक्तियाँ होती हैं।
  - यह सिविल प्रक्रिया संहिता द्वारा निर्धारित प्रक्रिया से बँधा नहीं है बल्कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है। **अत: कथन 3 सही है।**

**48.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- उपभोक्ता खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति (Consumer Food Price Inflation- CFPI), मुद्रास्फीति की एक विशिष्ट माप है जो विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं में खाद्य पदार्थों के मूल्य परिवर्तन पर केंद्रित है।
  - यह उस दर की गणना करता है जिस दर से किसी सामान्य परिवार द्वारा उपभोग किये जाने वाले खाद्य उत्पादों की कीमतें समय के साथ बढ़ रही हैं।
  - CFPI व्यापक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index- CPI) का एक उप-घटक है, जहाँ भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) दर की गणना करने के लिये CPI-संयुक्त (CPI-C) का उपयोग करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - CFPI विशिष्ट खाद्य पदार्थों के मूल्य परिवर्तन को ट्रैक करता है जो सामान्यत: घरों में उपभोग किये जाते हैं, जैसे अनाज, सब्जियाँ, फल, डेयरी उत्पाद, मांस और अन्य खाद्य पदार्थ। **अत: कथन 2 सही है।**

**49.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म ऑडियो तथा वीडियो होस्टिंग और स्ट्रीमिंग सेवाएँ हैं, ये शुरू-शुरू में कंटेंट होस्टिंग प्लेटफॉर्म थे, लेकिन बाद में ये लघु फिल्मों, फीचर फिल्मों, वृत्तचित्रों व वेब-सीरीज़ के निर्माण एवं रिलीज तक विस्तारित हो गए। **अत: कथन 1 सही है।**
- वे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा अधिसूचित सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 द्वारा शासित होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- दूरसंचार विवाद निपटान अपीलीय न्यायाधिकरण (TDSAT) ने फैसला सुनाया है कि हॉटस्टार जैसे ओवर द टॉप (OTT) प्लेटफॉर्म भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

50.

उत्तर: C

व्याख्या:

- एकीकृत थियेटर कमांड में सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण किसी भौगोलिक क्षेत्र के लिये एक ही कमांड के अधीन तीनों सशस्त्र सेनाओं (थल सेना, वायुसेना और नौसेना) के एकीकृत कमांड की परिकल्पना की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इन बलों (थल सेना, वायुसेना और नौसेना) के कमांडर अपनी क्षमताओं और एवं संसाधनों के साथ किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना करने में सक्षम होंगे।
- एकीकृत थिएटर कमांड किसी एक विशिष्ट सेवा के प्रति जवाबदेह नहीं होगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- सेनाएँ एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जान पाएंगी, जिससे रक्षा प्रतिष्ठान की एकजुटता मज़बूत होगी।
- शेकतकर समिति ने 3 एकीकृत थिएटर कमांड बनाने की सिफारिश की है- चीन सीमा के लिये उत्तरी कमांड, पाकिस्तान सीमा के लिये पश्चिमी कमांड और समुद्री भूमिका के लिये दक्षिणी कमांड। **अत: कथन 3 सही है।**

51.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक, 2023 जारी किया गया है। जिसका शीर्षक 'नेविगेटिंग ग्लोबल डाइवर्जेंस' है। इसके अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में पहले के अनुमान से अधिक तीव्रता से वृद्धि होगी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- IMF का अनुमान है कि वर्ष 2023 में 3% वैश्विक GDP (सकल घरेलू उत्पाद) की वृद्धि होगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की GDP के लिये अनुमानित आर्थिक विकास दर 6.3% है। हालाँकि वर्ष 2023 में चीनी अर्थव्यवस्था के 5% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

52.

उत्तर: B

व्याख्या:

- गाज़ा पट्टी पूर्वी भू-मध्यसागरीय बेसिन में स्थित है, जो दक्षिण पश्चिम में मिस्र और उत्तर व पूर्व में इज़रायल के साथ सीमा साझा करती है। पश्चिम में यह भूमध्य सागर से घिरा हुआ है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**




- यह विश्व स्तर पर सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहाँ एक छोटे से क्षेत्र में 2 मिलियन से अधिक निवासी रहते हैं।
  - गाज़ा की स्थितियों को दर्शाने के लिये शिक्षाविदों, कार्यकर्त्ताओं और पत्रकारों द्वारा "ओपन एयर प्रिज़न" शब्द का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

53.

उत्तर: C

व्याख्या:

**बैगा जनजाति:**

- बैगा (जादूगर) जनजाति मुख्य रूप से छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पाई जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- परंपरागत रूप से बैगा अर्द्ध-खानाबदोश जीवन जीते थे और झूम कृषि (जिसे ये बेवर या दहिया कहते हैं) करते थे, किंतु अब ये आजीविका के लिये मुख्य रूप से लघु वनोत्पाद (Minor Forest Produce-MFP) पर निर्भर हैं।
  - इनका प्राथमिक वन उत्पाद बाँस है।
- गोदना (टैटू) बैगा संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, प्रत्येक आयु के व्यक्ति शरीर के अंग पर एक विशिष्ट टैटू बनाते है। **अतः कथन 2 सही है।**

**54.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**क्वांटम प्रौद्योगिकी:**

- क्वांटम प्रौद्योगिकी क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों पर आधारित है जिसे परमाणुओं और प्राथमिक कणों के पैमाने पर प्रकृति का वर्णन करने के लिये 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में विकसित किया गया था।
- **क्वांटम कंप्यूटिंग के गुण:**
  - सुपरपोज़िशन: क्वांटम कंप्यूटिंग के मूलभूत गुणों में से एक सुपरपोज़िशन है। शास्त्रीय कंप्यूटिंग में एक बिट दो अवस्थाओं में से एक में हो सकता है- 0 या 1। क्वांटम कंप्यूटिंग में एक क्यूबिट(Qubits) इन अवस्थाओं के सुपरपोज़िशन में मौजूद हो सकता है, जिसका अर्थ है कि यह एक साथ 0 और 1 दोनों का प्रतिनिधित्व कर सकता है। यह गुण क्वांटम कंप्यूटरों को बड़ी मात्रा में सूचना को समानांतर रूप में संसाधित करने की अनुमति देता है, जिससे वे कुछ प्रकार की गणनाओं के लिये अत्यधिक कुशल बन जाते हैं।
  - एंटैंगलमेंट: क्वांटम एंटैंगलमेंट एक ऐसी घटना है जहाँ दो या दो से अधिक क्यूबिट की क्वांटम अवस्थाएँ इस तरह से सह-संबद्ध हो जाती हैं कि एक क्यूबिट की स्थिति तुरंत दूसरे की स्थिति को प्रभावित करती है, भले ही वे अत्यधिक दूरियों के कारण अलग हो जाते हैं। एंटैंगलमेंट क्वांटम गेट्स और एल्गोरिदम के निर्माण की अनुमति देता है जो जटिल संचालन तथा गणना करने के लिये इस विशिष्ट कनेक्शन का उपयोग करते हैं।
  - क्वांटम इंटरफेरेंस: क्वांटम इंटरफेरेंस एक गुण है जो क्यूबिट (Qubits) के सुपरपोज़िशन से उत्पन्न होता है। यह क्वांटम कंप्यूटरों की गलत परिणामों की संभावना को कम करते हुए किसी समस्या का सही उत्तर प्राप्त करने की संभावना को बढ़ाने हेतु विभिन्न राज्यों से जुड़े संभाव्यता आयामों को संयोजित तथा हेर-फेर करने की अनुमति देता है। **अतः विकल्प B सही है।**

**55.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण:**

- **परिचय:**
  - यह भारत में रोज़गार और बेरोज़गारी की स्थिति को मापने के लिये सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा किया गया एक सर्वेक्षण है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - NSO ने अप्रैल 2017 में PLFS लॉन्च किया था।
- **PLFS का उद्देश्य:**
  - केवल 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (CWS) में शहरी क्षेत्रों के लिये 3 महीने के अल्प समय अंतराल में प्रमुख रोज़गार और बेरोज़गारी संकेतक (जैसे श्रमिक जनसंख्या अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर, बेरोज़गारी दर) का अनुमान लगाना। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - वार्षिक रूप से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में 'सामान्य स्थिति' एवं 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (CWS) दोनों में रोज़गार एवं बेरोज़गारी संकेतकों का अनुमान लगाना।